// राजकीय महाविद्यालय कोटा (राज.)

( नेक द्वारा 'ए' ग्रेड़ प्राप्त संस्थान )

Email address principalgckota@gmail.com

# हिन्दी सप्ताह–2023
# प्रतिवेदन

राजकीय महाविद्यालय कोटा में **हिन्दी दिवस 2023** के उपलक्ष में हिन्दी और अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी सप्ताह मनाया गया जिसके अन्तर्गत कई प्रतियोगिताएं, व्याख्यान व पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किये। **14 सितंबर, 2023 को नारा लेखन, प्रश्नोत्तरी, भाषण प्रतियोगिता एवं कविता पाठ तथा व्याख्यान कार्यक्रम, 16 सितंबर को निबंध व हिन्दी शुद्ध वर्तनी लेखन प्रतियोगिता तथा 18 सितंबर को व्याख्यान तथा पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किये गये। सप्ताह में आयोजित समस्त कार्यक्रमों की रिपोर्ट निम्नानुसार है–**

## व्याख्यान, प्रतियोगिता एवं कविता पाठ : 14 सितंबर, 2023

दिनांक 14 सितंबर 2023 को हिन्दी दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय कोटा में हिन्दी एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में **नारा लेखन, प्रश्नोत्तरी, भाषण प्रतियोगिता एवं कविता पाठ तथा व्याख्यान** कार्यक्रम आयोजित जिसमें विद्यार्थियों ने राष्ट्रभाषा व राज भाषा हिन्दी के प्रति अपने लगाव को प्रकट किया।





सर्व प्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि **प्राचार्य डॉ. अरूण कुमार** ने उपस्थित विद्यार्थियों को हिन्दी भाषा की उपयोगिता, महत्व व वर्तमान संदर्भ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दी

हमारी मात्रभाषा है। हमें अधिक से अधिक हिन्दी माध्यम में कार्य करना चाहिए तथा **हिन्दी के ज्ञान के समृद्ध करना** चाहिए। **कोई भी भाषा व्यवहार के बिना विकास नही ंकर सकती।** हिन्दी हमारी एकता, अखण्डता और देश विकास के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने भारतेन्दु के प्रसिद्ध वाक्य– निज भाषा उन्नति अहे, सब उन्नति को मूल का उदाहरण देकर छात्रों को राष्ट्र की उन्नति और समृद्धि में हिन्दी के महत्व को ज्ञापित किया।









इसके बाद डॉ.सयाराम मीणा एवं श्रीमती रीना कुमारी ने **राष्ट्रभाषा हिन्दी की उन्नति** विषय पर **नारा लेखन प्रतियोगिता, 'राष्ट्रभाषा देश के विकास का मूल है'** विषय पर **भाषण प्रतियोगिता** तथा **राष्ट्रभाषा व राजभाषा हिन्दी पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रयोगिता** आयोजित की। जिसमें विद्यार्थियों ने हिन्दी के विकास, महत्व और समस्याओं पर प्रकाश डाला तथा देश की एकता और अखण्डता के लिए हिन्दी को अनिवार्य में रूप में स्वीकृति पर अपने विचार व्यक्त किये। इसके बाद उपस्थिति विद्यार्थियों ने मौलिक एवं स्वरचित कविताओं का पाठ किया।

**प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे–**

नारा लेखन– आदर्श कुमार प्रथम, विशाखाा द्वितीय तथा जाहिद एवं कविश अग्रवाल संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दिव्यांशु कुशवाह प्रथ्रम, बाल किशन धाकड़ तथा दिलखुश मीणा संयुक्त रूप से द्वितीय तथा  अजय बैरवा तृतीय स्थान पर

रहे। भाषण प्रतियोगिता में मनिका तिवारी प्रथम, ऋषभ प्रजापति द्वितीय तथा जाहिद व अंकिता शर्मा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।

प्रतियोगितओं का संचालन हिन्दी विभाग से डॉ.सियाराम मीणा व अंग्रेजी विभाग से श्रीमती रीना कुमारी ने किया। प्रतियोगिताओं में 80 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## निबंध एवं हिन्दी शुद्ध वर्तनी लेखन प्रतियोगिताः 16 सितंबर, 2023

दिनांक 16 सितंबर को राजकीय महाविद्यालय कोटा में हिन्दी सप्ताह के अन्तर्गत विविध कार्यक्रमों की **श्रांखला में निबंध एवं हिन्दी शुद्ध वर्तनी लेखनी प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। **प्राचार्य डॉ.अरूण कुमार** ने बताया कि हिन्दी सप्ताह के अन्तर्गत हिन्दी में अधिक से अधिक कार्य करने एवं हिन्दी भाषा के प्रति चेतना जाग्रत करने के उद्देश्य से विद्यार्थियों के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में 16 सितंबर को "सांस्कृतिक संरक्षण एवं राष्ट्रीय एकता में हिन्दी भाषा की भूमिका" विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा लेखन और उच्चारण में समानता व शुद्धता लाने के उद्देश्य से **हिन्दी शुद्ध वर्तनी लेखन प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उन्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिताओं का संचालन डॉ.सियाराम मीणा व श्रीमती रीना कुमारी ने किया।



प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे।

शुद्ध हिन्दी वर्तनी लेखन प्रतियोगिता में राहुल मेहरा प्रथम, सिद्धार्थ चौबदार द्वितीय तथा रिमझिम व हर्ष प्रजापति संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। **निबंध लेखन प्रतियोगिता** में मनिका तिवारी प्रथम, दिलखुश मीणा द्वितीय तथा अभिषेक मीणा स्थान पर रहे।

## व्याख्यान, प्रमाण—पत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह : 18 सितंबर, 2023

राजकीय महाविद्यालय कोटा में हिंदी सप्ताह के तहत 'पुरस्कार एवं प्रमाण—पत्र वितरण' समारोह आयोजित किया गया। हिन्दी एवं अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में 14 सितंबर से अब तक व्याख्यान एवं प्रतियोगिताओं – का आयोजन किया गया। सप्ताह भर में आयोजित हुए

कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में **प्रमाण पत्र तथा प्रतीक चिन्ह** के रूप में हिंदी की प्रसिद्ध पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।




पुरस्कार वितरण एवं व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर अरुण कुमार ने की। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता **श्री प्रेम सिंह यादव** कार्यक्रम अधिकारी **सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार** द्वारा विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही इनके द्वारा सभी विद्यार्थियों को टोपी व पुस्तकों का वितरण भी किया गया।



कार्यक्रम में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा में खुशमिता ने अपनी कविता के माध्यम से **हिंदी भाषा के गौरव तथा महत्व** को बताया वहीं छात्रा मनिका तिवारी ने अपने भाषण में **सांस्कृतिक संरक्षण तथा राष्ट्रीय एकता में हिंदी भाषा के महत्व** विषय पर अपने विचार व्यक्त किये।



कार्यक्रम का आयोजन हिंदी तथा अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ जिसमें हिंदी विभाग प्रभारी डॉ. सियाराम मीणा ने सभी प्रतियोगिताओं का संचालन किया। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन

रीना कुमारी ने किया इस अवसर पर सभी संकाय सदस्य तथा छात्र–छात्राओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को रोचक बनाया।

## प्रेस कवरेज



दैनिक भास्कर कोटा 15-09-2023

विधायकों के कोटा से रवाना होने के बाद फिर से इस रोड पर गुमटियां लगना शुरू हो

### हिन्दी दिवस पर भाषण, कविता पाठ प्रतियोगिता हुई

कोटा | हिन्दी दिवस पर राजकीय महाविद्यालय में नारा लेखन, कविता पाठहुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार रहे। कॉमर्स कॉलेज में कार्यवाहक प्राचार्य निधि गोयल ने हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया। राजकीय कला महाविद्यालय में अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. सीमा सोरल ने की। मुख्य वक्ता प्रो. आदित्य कुमार गुप्त रहे। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर लड्डू लाल मीना भी मौजूद रहे।

को 50 साल पूरे होने पर अवॉर्ड दिया। मुख्य ... वहन मंत्री नितिन गडकरी ने यह कमल ऑटो के ... ल को दिया।

ऑफ लिविंग के बीच एमओयू

रक्षक

में 4

कोटा। शुक्रवार 15 सितंबर 2023

# हिन्दी संसार की सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा

## राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन : इंटरनेट पर प्रतिवर्ष 95 प्रतिशत बढ़ रही हिन्दी भाषियों की संख्या

**संदेश न्यूज। कोटा.**

भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र कोटा पर हिन्दी चेतना मास के अन्तर्गत आयोजनों की श्रृखला में गुरुवार को को हिन्दी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अपने डा.शाकिर अली, प्रधान वैज्ञानिक एवं केंद्राध्यक्ष ने कहा कि हिन्दी संसार की एक महत्वतपूर्ण और भारत में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। इन्टरनेट पर हिन्दी पढ़ने वालों की संख्या प्रतिवर्ष लगभग 95 प्रतिशत बढ़ रही है। यह गति हिन्दी की बढ़ती लोकप्रियता की परिचायक है। डा.राम अवतार जाट, प्रधान वैज्ञानिक एवं





सह आचार्य और आचार्यों की उपस्थिति रही। छात्र छात्राओं में प्रदीप मीणा ने हिंदी के महत्व को रेखांकित करने वाली कविता एवं गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर लड्डू लाल मीना ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**राष्ट्रीय सेवा योजना राजकीय महाविद्यालय** के तत्वावधान में हिन्दी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य निधि गोयल ने की। कार्यक्रम में निशा चौधरी सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग ने विद्यार्थियों को हिन्दी भाषा के महत्व को बताया तथा दैनिक व्यवहार में हिन्दी प्रयोग के संवर्द्धन के लिए प्रेरित किया। हिन्दी के प्रति सम्मान एवं प्यार-

उदयभानु को रूबाई और दोहा का पाठ किया। हरिओम आर्य, तकनीकी अधिकारी ने गृह लक्ष्मी पर कविता सुनाकर सबको खूब हंसाया।

**राजकीय महाविद्यालय कोटा** में हिन्दी एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नारा लेखन, प्रश्नोत्तरी, भाषण प्रतियोगिता एवं कविता पाठ तथा व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित जिसमें विद्यार्थियों ने राष्ट्रभाषा व राज भाषा हिन्दी के प्रति अपने लगाव को प्रकट किया।

डॉ.सियाराम मीणा एवं रीना कुमारी ने राष्ट्रभाषा हिन्दी की उन्नति विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता, राष्ट्रभाषा देश के विकास का मूल है, विषय पर भाषण प्रतियोगिता तथा राष्ट्रभाषा व राजभाषा हिन्दी पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रयोगिता आयोजित की।

प्रतियोगिताओं के परिणामों में नारा लेखन में आदर्श कुमार प्रथम, विशाखा द्वितीय तथा जाहिद एवं कविश अग्रवाल संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दिव्यांशु कुशवाह प्रथम, बाल किशन धाकड़ तथा दिलखुश मीणा संयुक्त रूप से द्वितीय तथा अजय बैरवा तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में मनिका तिवारी प्रथम, ऋषभ प्रजापति द्वितीय तथा जाहिद व अंकिता शर्मा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं में 80 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**भगत पब्लिक स्कूल** में हिंदी दिवस मनाया गया। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि 14 सितंबर को हिंदी हमारे देश की अधिकारिक भाषा बनी थी। छात्र, छात्रों ने हिंदी दिवस पर भाषण दिया, व कविता सुनाई एवं हिन्दी लेखन प्रतियोगिता करवाई गई।

**राजकीय कला महाविद्यालय** कोटा के हिंदी विभाग के तत्वावधान में हिंदी दिवस का आयोजन उल्लास पूर्वक मनाया गया। हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर लड्डू लाल मीना ने कहा कि हिंदी भाषा ने भाषा भेद और सीमित स्वार्थों से ऊपर उठकर जीवंत भाषा के रूप में अपनी पहचान बनायी है, हिन्दुस्तानी मीडिया ने भाषा के व्यावहारिक स्वरूप को जन-जन तक पहुंचाया है। हिंदी हमारे मनोभावों को अभिव्यक्त करने में सक्षम भाषा है। आयोजन की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो सीमा सोरल ने कहा कि हिंदी समावेशी भाषा है। इसमें अन्य भाषाओं के शब्दों को उदारतापूर्वक ग्रहण किया है। हमें हिंदी में बात करते समय महसूस होना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ मनोरंजन सिंह ने कहा कि हिंदी का साहित्य बहुत

17/9/2023
चम्बल संदेश कोटा

मालवीया ने बताया कि हम अवसर पर जोन की अध्यक्षा नम्रता जोशी और सभी ... चिन्ह वह शाल उड़ाकर सम्मान

शिविर लगाया गया नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। वाटरकूलर और प्यूरीफायर लगाया गया।

## हिन्दी सप्ताह के अन्तर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

**संदेश न्यूज। कोटा.**

राजकीय महाविद्यालय कोटा में हिन्दी सप्ताह के अन्तर्गत विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में निबंध एवं हिन्दी शुद्ध वर्तनी लेखनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.अरूण कुमार ने बताया कि हिन्दी सप्ताह के अन्तर्गत हिन्दी में अधिक से अधिक कार्य करने एवं हिन्दी भाषा के प्रति चेतना जाग्रत करने के उद्देश्य से विद्यार्थियों के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 16 सितंबर को सांस्कृतिक संरक्षण एवं राष्ट्रीय एकता में हिन्दी भाषा की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा लेखन और उच्चारण में समानता व शुद्धता लाने के उद्देश्य से हिन्दी शुद्ध वर्तनी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उन्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिताओं का संचालन डॉ.सियाराम मीणा व रीना कुमारी ने किया। निबंध प्रतियोगिता मनिका तिवारी प्रथम, दिलखुश मीणा द्वितीय तथा अभिषेक मीणा तृतीय स्थान पर रहे। हिन्दी शुद्ध वर्तनी लेखन प्रतियोगिता में राहुल मेहरा प्रथम, सिद्धार्थ चौबदार द्वितीय तथा रिमझिम व हर्ष प्रजापति संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। विजेता विद्यार्थियों को सप्ताह के समापन पर प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे।

भाजपा की परिवर्तन संकल्प

चम्बल संदेश कोटा
19/9/2023

## विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के महत्व से अवगत कराया



**संदेश न्यूज। कोटा.** राजकीय महाविद्यालय कोटा में हिंदी सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में भाषण, निबंध लेखन, नारा लेखन, प्रश्नोत्तरी, शुद्ध वर्तनी लेखन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सप्ताह भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सोमवार को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रमाण पत्र तथा प्रतीक चिन्ह के रूप में हिंदी की प्रसिद्ध पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर अरुण कुमार ने की। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता प्रेम सिंह यादव कार्यक्रम अधिकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्राओं में खुशमिता ने अपनी कविता के माध्यम से हिंदी भाषा के गौरव तथा महत्व को बताया। छात्रा मनिका तिवारी ने सांस्कृतिक संरक्षण तथा राष्ट्रीय एकता में हिंदी भाषा के महत्व विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन हिंदी तथा अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। जिसमें हिंदी विभाग प्रभारी डॉक्टर सियाराम मीणा ने सभी प्रतियोगिताओं का संचालन किया। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन रीना कुमारी ने किया। इस अवसर पर सभी संकाय सदस्य तथा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

निर्धारित अवधि में कार्य पूरे करें : कलक्टर